की परियोजना पर हम जो काम प्रारंभ करना चाहते हैं वह नहीं हो पा रहा हैं। मुझें माननीय सदस्य और सभी का सहयोग चाहिए। रेलवे की तरफ से राज्य सरकार को लिखा भी गया हैं। जैसे ही राज्य सरकार हमें सुरक्षा की गांरटी देगी, सिक्योरिटी क्लीयरेंस देगी, हम इस रेल खण्ड पर इसके गेज कन्वर्जन का कार्य प्रांरभ करने के लिए तैयार हैं।

MR. CHAIRMAN : Arc you satisfied?

SHRI URKHAO GWRA BRAHMA : I am satisfied;

श्री सभापति : ऑनरेबल मेम्बर्स, क्वैश्चंस सब हो गए हैं, मैं रिपीट कर रहा हूं। क्वैश्चन नं. 503, श्रीमती माया सिंह।

इन्दौर और रतमाल के बीच रेल पटरी को बदला जाना

*503. **श्री कैलाश जोशी** :क्या रेल मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्ष 2004 में उज्जैन में होने वाले कुम्भ के मेले को दृष्टिगत रखते हुए इन्दौर-देवास, उज्जैन और रतलाम के बीच की सिंगल रेल पटरी को बदलने का विचार रखती हैं,और

(ख) यदि हां,तो नई रेल पटरी कब तक चालू हो जाने की संभावना हैं?

रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया हैं।

विवरण

(क)रेल की मरम्मत और उसका अनुरक्षण एक सतत् चलने प्रक्रिया है। रेल लाइनों की दशा पर निरंतर रखी जाती हैं और संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाती हैं। नियमित अनुरक्षण के अलावा आयु एवं दशा के आधार पर रेलपथ नवीकरण की योजना बनाई जाती हैं और इसे धन की उप्लब्धता के आधार पर कार्यान्वित किया जाता हैं।

इन मानदंडो के अनुसार, न कि कुभं मेले से संबंधित, 1-4-2003 की स्थिति के अनुसार इन्दौर-देवास-रतलाम खंड पर रेलपथ नवीकरण का 35.28 कि.मी. स्वीकृत भाग शेष बचा हुआ हैं।

(ख)इन्दौर-देवास-उज्जैन-रतलाम खंड में शुरू किए जाने वाला कोई नया रेलपथ नहीं हैं। बहरहाल, इस क्षेत्र में जनवरी,2003 में देवास और मक्सी के बीच 36 कि.मी.लंबी एक नई रेल लाइन शुरू की गई थी।

ऊपर (क) में दर्शाए गए स्वीकृत रेलपथ नवीकरण के कार्यों को 2 वर्षो के भीतर अर्थात् 21.49 कि.मी. वर्ष 2003-04 में और 13.79 कि.मी. वर्ष 2004-05में पूरा किए जाने का लक्ष्य हैं।

Replacement of track between Indorc-Ratlam

† *503. SHRI KAILASH JOSHI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government propose to replace the single track between Indore-Devas. Ujjain and Ratlam rail track in view of the ensuing Kumbh Fair in 2004 at Ujjain: and

(b) if so. by when the new track is likely to be commissioned?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI N1TISH KUMAR): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the House

Statement

(a) Repair and maintenance of Railway track is an on-going activity The condition of rail lines is continuously monitored and necessary action taken to ensure safety. Apart from regular maintenance, track renewals are also planned on age-cum-condition basis and are executed depending upon the availability of funds.

In accordance with these norms, and not related to Kumbh Fair, a total of 35.28 km. is balance sanctioned track renewal, as of l .4.2003. on lndore-Dewas-Ujjain-Ratlam section.

(b) There is now new track to be commissioned in Indore-Dewas-Ujjatn-Ratlam section. However, a new line between Dewas-Maksi. 36 km. long. \\ ;is commissioned in this area in January. 2003

The sanctioned track renewal works, mentioned in (a) above, are targeted for completion in two years' time: 21.49 km. in the year 2003-04 and 13.79km. in 2004-05.

श्रीमती माया सिंह :महोदय, मध्य प्रदेश में माह में उज्जैन में कुंभ मेला होने वाला हैं। रतलाम,इंदौर व खण्डवा में मीटर गेज रेल मार्ग सिंगल और बहुत पुराना हैं। यह रेल मार्ग अपने वर्तमान स्वरूप में प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों की परिवहन आवश्यकताओं और अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पा रहा हैं। इंदौर से खंडवा की 135 किलो मीटर की दूरी 5-6 घंटे में पूरी की जा रही हैं। इसी तरीके से इंदौर, देवास और उज्जैन की जो ब्राडगेज लाइन हैं, वह भी बहुत पुरानी सिंगल हैं। महोदय, वहां विद्युतीकरण की भी सुविधा नहीं हैं जबकि इंदौर से माल यातायात का यह प्रमुख

†Original notice of the question was received in Hindi.

रेल मार्ग हैं। इसलिए इस के दोहरीकरण,विद्युतीकरण और मीटरगेज रेल मार्ग को ब्राडगेज में तुरंत परिवर्तन का मेरा आग्रह हैं क्योंकि कुभं मेंला शीघ्र ही आरंभ होने वाला हैं। यह कार्य जल्दी कराने का मेरा निवेदन हैं क्योंकि मंत्री जी ने अपने जवाब में 2004 और 2005 तक का समय टार्गेट तय किया हैं। यह समय तो काफी हो जाएगा क्योंकि कुंभ के मेले में तो वहां एक से दो करोड़ तक यात्री आते हैं।

श्री नीतीश कुमार :महोदय जहां तक सिंहस्थ मेले का सवाल हैं, उस के लिए व्यापक तैयारी की गयी हैं और रेलवे के अधिकारी राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ निरंतर सम्पर्क में हैं। अभी विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान भी माननीय सदस्यों ने यह मुद्दा उठाया था, उस समय मैंने उत्तर दिया था। अगर आप चाहें तो मैं उस की पूरी तैयारी का ब्यौरा दे सकता हूं।

श्री सभापति :उस की जरूरत नहीं हैं।

श्री नीतीश कुमार :मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस की तैयारी के लिए चाहे जितनी रेल सुविधाओं को प्रांरभ करना पड़े-जितने स्टेशंस खोलने पड़े, जितनी भी सुविधाएं देनी होंगी, वे सुविधाएं दी जाएगी। जहां तक गेज का सवाल हैं, यह प्रश्न से संबंधित नहीं हैं। इन्होने ट्रैक रिनुअल की बात की थी, वह प्लांड हैं और उस के बारे में मैंने बताया कि 2005 तक वह टार्गेटिड हैं।

श्री सभापति :जो माननीय सदस्य अपने प्रश्नों पर अनुपस्थित रहे हैं और आ गए हैं, वे प्रश्न पूछ सकते हैं। श्री बालकवि बैरागी। कुंभ मेले के मामले में पुछिए।

श्री बालकवि बैरागी: धन्यवाद, सभापति महोदय। हालांकि रेल मंत्री महोदय ने सिहंस्थ मेले को लेकर सारा समाधान कर दिया हैं, लेकिन यदि आप एक और बात चर्चा करवाएं तो ठीक होगा। महोदय, बीच में बहुत सारे ऐसे स्टेशंस हैं, जहां पर कि एक्सप्रेस गाड़िया रूकती नहीं है। तो क्या सिंहस्थ मेले के दरमियान इन स्टेशनों पर भी गाड़ियों को रूकवाने के बारे में मंत्री जी विचार कर कोई फैसला करेंगे?

श्री नीतीश कुमार :सभापति महोदय, जो भी माननीय सदस्य सिहंस्थ मेले के बारे में दिलचस्पी रखते हैं, मैं उन सभी को आमंत्रित करता हूं। वे जो भी सुझाव देंगे, अगर वह कार्य नहीं गया होगा तो वहां जो भी आवश्यक हैं, उस के बारे में हम निर्णय लेंगे क्योंकि मेले में बड़ी संख्या में लोग आएंगे और उन की सहूलियत के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे, वह उठाए जाएंगे।

MR, CHAIRMAN : Question Hour is over.